# थाम ले दामन सांवरिये का ये तेरा साथ निभाएगा लिरिक्स

थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा,
दिल के तार तू जोड़ श्याम से,
जीवन सफल बनाएगा।bd।

तर्ज – कस्मे वादे प्यार वफ़ा।

---

जिन अपनों को अपना समझो,
वो ही तुझे सताएगा,
जब आ जाए विपदा तुझ पर,
कोई काम ना आएगा,
जोड़ ले नाता सांवरिये से,
ये अपना बन जाएगा,
थाम ले दामन साँवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

ये दुनिया है रैन बसेरा,
जो आएगा जाएगा,
मिट्टी का पुतला तू बंदे,
मिट्टी में मिल जाएगा,
नाम उसी का अमर रहेगा,
जो श्याम नाम गुण गाएगा,
थाम ले दामन साँवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

जो होना है होके रहेगा,
कोई बदल नहीं पाएगा,
सांवरिया जब साथ हो तेरे तो,
काल भी पीठ दिखाएगा,
कर दे खुद को श्याम समर्पित,
श्याम कृपा बरसायेगा,
थाम ले दामन साँवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

श्याम नाम का अमृत प्याला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो प्राणी चख लेता है,
उस प्राणी के आगे जीवन,
का सारा सुख फीका है
यकीन नहीं तो चखकर देखो,
जीवन स्वर्ग हो जाएगा,
थाम ले दामन साँवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा,
दिल के तार तू जोड़ श्याम से,
जीवन सफल बनाएगा।bd।

गायक – मनीष शर्मा।
लेखक / प्रेषक – कैलाश शर्मा।
**9006772006**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com